कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही।

विज्ञप्ति

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या–1228/एसएलएसए–5/2022 (पीएस) दिनांकित अप्रैल 11, 2023 व शासनादेश संख्या–02/2018/661/सात–न्याय–7– 2018–47/2002 दिनांकित 30 जनवरी 2018 द्वारा जनपद में गठित स्थाई लोक अदालत के संचालन के लिये एक निश्चित मानदेय पर जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त आशुलिपिक, पेशकार व चपरासी से निम्न पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, जो निम्नवत् हैं। अभ्यर्थी की आयु 60 वर्ष से अधिक या 65 वर्ष से कम होनी चाहिये।

क्र0सं0	पदनाम	पद की संख्या	वेतनमान/मानदेय
1.	आशुलिपिक	1	जिला न्यायालय/कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अधिकतम 02 वर्ष के लिये निर्धारित मानदेय मु0 9,000/– रूपये प्रतिमाह पर अनुबन्धित कर कार्य कराया जायेगा।
2.	पेशकार	1	जिला न्यायालय/कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अधिकतम 02 वर्ष के लिये निर्धारित मानदेय मु0 9,000/– रूपये प्रतिमाह पर अनुबन्धित कर कार्य कराया जायेगा।
3.	चपरासी	1	जिला न्यायालय/कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अधिकतम 02 वर्ष के लिये निर्धारत मानदेय मु0 7,000/– रूपये प्रतिमाह पर अनुबन्धित कर कार्य कराया जायेगा।

आशुलिपिक पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टहैन्ड व कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन विहित प्रारूप में दिनांक 06.09.2023 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 20.09.2023 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोहीं में स्वयं/रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। इच्छुक आवेदक फार्म की प्रति जिला न्यायालय की वेबसाईट या माननीय उच्च न्यायालय के वेबसाईट अथवा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोहीं–ज्ञानपुर से भी प्राप्त कर सकते हैं। दिनांक 20.09.2023 को सायं 05:00 बजे के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

दिनांक–05.09.2023
संलग्नक– आवेदन का प्रारूप

प्रभारी सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोहीं।

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1. माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को सादर अवलोकनार्थ–
2. माननीय अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत को सादर सूचनार्थ–
3. केन्द्रीय नाजिर जिला न्यायालय भदोहीं को विज्ञापन की प्रति जनपद न्यायालय के सूचना पट पर चस्पा किये जाने हेतु–
4. केन्द्रिय नाजिर कलेक्ट्रेट को विज्ञापन की प्रति सूचना पट पर चस्पा करने हेतु–
5. सिस्टम आफिसर कम्प्यूटर अनुभाग को जिला न्यायालय व माननीय हाईकोर्ट की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु–
6. कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोहीं के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु–
7. जिला सूचना अधिकारी भदोहीं निःशुल्क विज्ञप्ति को प्रकाशन कराने हेतु प्रेषित–
8. जिला मजिस्ट्रेट भदोहीं को जनपद भदोहीं के वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु प्रेषित–

जनपद न्यायालय भदोहीं में स्थायी लोक अदालत में आशुलिपिक, पेशकार व चपरासी के पद पर अनुबन्ध के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन का प्रारूप।

आवेदित पदनाम–...........................

आवेदक का नाम (अंग्रेजी) ....
(हिन्दी में) ....
आवेदक के पिता का नाम (हिन्दी में) ....
जन्म तिथि (आंकड़ों में) ....
दिनांक 20.09.2023 को आयु ....वर्ष................मास..............दिन
किस कार्यालय/विभाग से
सेवानिवृत्त हुए हैं– ....
सेवानिवृत्त का दिनांक ....(विभाग द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें।
आवेदक का वर्तमान पता ....
फोन नम्बर के साथ ....
आवेदक का स्थाई पता ....
फोन नम्बर के साँथ ....

शैक्षिक योग्यता स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियां संलग्न करें–

क्रम सं0	परीक्षा	बोर्ड/विश्वविद्यालय	वर्ष	श्रेणी/प्रतिशत
1.	हाईस्कूल/समकक्ष			
2.	इण्टरमीडिएट/समकक्ष			
3.				
4.				

कम्प्यूटर व शार्टहैन्ड की जानकारी है या नहीं...
(आशुलिपिक के पद पर आवेदन करने वालों के लिए)
ऐसे कोई विशेष अर्हता जिसका उल्लेख करना चाहते हों...

दिनांक.................................
स्थान .... आवेदक के हस्ताक्षर

उद्घोषणा

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनायें मेरी निजी ज्ञान में सही व सच है। यदि किसी भी समय उक्त सूचनायें गलत या झूंठी पायी गयी तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदार मैं स्वयं हूंगा/हूंगी व इस सम्बन्ध में विभाग द्वारा मेरे विरूद्ध की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैंने आवेदन सम्बन्धित सभी नियम/शर्तों का अवलोकन कर लिया है तथा वे सभी मुझे स्वीकार हैं।

संलग्नक–1.
2.
3.

दिनांक..................................... आवेदक के हस्ताक्षर
स्थान.......................................